**17.04.2025**

**प्रेस प्रकाशनी**

**सीबीएसई द्वारा प्रधानाचार्यों और परामर्शदाताओं के लिए सीयूईटी अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने आज नई दिल्ली के द्वारका स्थित सीबीएसई एकीकृत कार्यालय में एक ऑफ़लाइन सीयूईटी अभिविन्यास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 10 राज्यों के 26 शहरों से सीबीएसई संबद्ध स्कूलों के 450 से अधिक स्कूल प्रधानाचार्यों और परामर्शदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, साथ ही, इंडियन स्कूल, अल-गुबरा, मस्कट, ओमान से भी एक काउंसलर कार्यक्रम में शामिल रहे।

इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य उच्चत्तर शिक्षा के लिए दाखिलों के उभरते परिदृश्य के प्रति शिक्षकों को जानकारी देना था। यह कार्यक्रम सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (CUET-UG) पर केंद्रित था। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र मार्गदर्शन और करियर योजना के बारे में विचार-विनिमय हेतु एक साझा मंच मिला। इससे शिक्षकों को शैक्षणिक और करियर संबंधी निर्णय लेने में छात्रों की बेहतर ढंग से सहायता करने में मदद मिली।

अपने उद्घाटन संबोधन में, श्री हिमांशु गुप्ता, सचिव, सीबीएसई ने शिक्षकों के लिए वर्तमान प्रवृत्तियों और परिवर्तनों के बारे में अवगत रहने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा "यह बहुत जरुरी है कि स्कूल प्रधानाचार्य और परामर्शदाता उच्चतर शिक्षा के विकल्पों को जानने-समझने में अपने छात्रों की प्रभावी ढंग से सहायता करने के लिए सूचनाओं से अवगत रहें"।

श्री राहुल सिंह, अध्यक्ष, सीबीएसई ने कई प्रवेश परीक्षाओं की तैयारियों से छात्रों को होने वाले तनाव को स्वीकार किया। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि यद्यपि सीयूईटी अभिविन्यास कार्यक्रम इन सभी परीक्षा जटिलताओं का समाधान नहीं है, यह सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल स्कूलों से प्रत्यक्षः संपर्क करने और समग्र विकास और भावी तैयारी के लिए छात्रों और माता-पिता द्वारा अपेक्षित सहयोग को समझने के लिए सीबीएसई द्वारा किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने इस प्रकार के प्रयासों को मजबूत करने के लिए प्रतिभागियों से फीडबैक भी आमंत्रित किया।

अभिविन्यास सत्र बोर्ड के निदेशकगण और वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किए गए जहाँ प्रतिष्ठित पैनल/संसाधकों द्वारा विषय-वस्तु आधारित प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षकों और परामर्शदाताओं के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टियाँ प्रदान की गई।

सुश्री मीनू अरोड़ा, निजी स्कूल निदेशक, मेधावी प्रोफेशनल सर्विसेज ने सीयूईटी 2025 का परिचय देकर कार्यक्रम की शुरुआत की, जहाँ उन्होंने पिछले मानदंडों की तुलना में आए महत्वपूर्ण परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद, सुश्री ओजस्वी शर्मा, करियर काउंसलर, मेधावी ने आवेदन प्रक्रिया और परीक्षा की समग्र जानकारी प्रस्तुत की, जो विश्वविद्यालय-विशेष की विषय संबंधी आवश्यकताओं पर केंद्रित थी। श्री थॉमस जॉन, एवीपी और एचओडी, छात्र और काउंसलर सफलता, मेधावी ने सीयूईटी के लिए प्रभावी तैयारी की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मिस अरोड़ा ने कम लागत के संसाधनों के उपयोग से सीबीएसई के मौजूदा ढांचे में सीयूईटी तैयारी को आमेलित करने पर चर्चा की।

यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए एक रोचक प्रश्न-उत्तर सत्र और संरचित शैक्षिक आकलन के साथ संपन्न हुआ। सत्र के अंत में 387 प्रतिभागियों ने आकलन पूरा किया। 96.5% उत्तरदाताओं ने स्केल 5 में से 4 या 5 के रूप में कार्यक्रम का मूल्यांकन किया, जबकि 95.9% ने पुष्टि की कि उन्हें प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर मिले। संवाद सत्र के माध्यम से प्रधानाचार्यों और परामर्शदाताओं ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया, जानकारी को गहन किया और छात्रों की सहायता के लिए अपनी भूमिकाओं पर मंथन किया।

शिक्षकों को उच्च शिक्षा संबंधी दाखिलों के प्रक्रियागत पहलुओं पर छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक साधनों से सज्ज करने के रूप में सीबीएसई सीयूईटी अभिविन्यास कार्यक्रम बोर्ड की प्रतिबद्धता को मजबूत करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानाचार्यों और परामर्शदाताओं से निरंतर फीडबैक और सहयोग सीबीएसई के छात्र मार्गदर्शन के दृष्टिकोण को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**सचिव, सीबीएसई**

## झलकियाँ

Overview
Conducted by NTA: The National Testing Agency (NTA) will administer CUET 2025.
Single Window: CUET offers a single opportunity for admissions to participating Central Universities and institutes across India.
Information bulletin: https://cuet.nta.nic.in/information-bulletin/
Submission of the Application Form should be made by the candidate online through the NTA website: https://cuet.nta.nic.in
Participating universities list: https://cuet.nta.nic.in/universities/
Syllabus: https://cuet.nta.nic.in/syllabus/